# एचआरपीसी एक परिचय

एचआरपीसी एक राष्ट्रीय संस्था है। यह ट्रस्ट एक्ट, 1882 (भारत सरकार), नीति आयोग भारत सरकार के एनजीओ दर्पण पोर्टल, और आयकर विभाग की धारा 12A/80G के तहत पंजीकृत है। संस्था का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है और इसके पदाधिकारी प्रत्येक ब्लॉक, जिला, संभाग एवं प्रदेश स्तर पर कार्यरत हैं।

संस्था के कार्य -

- मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का संरक्षण एवं प्रशिक्षण
- मानवाधिकार जागरूकता अभियान एवं प्रचार-प्रसार
- नागरिकों को उनके अधिकारों की जानकारी देना एवं उनकी रक्षा करना
- कानूनी सहायता प्रदान करना एवं नागरिकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ना
- सरकारी कार्यालयों/विभागों में अनियमितताओं की शिकायतें शासन तक पहुँचाना
- शासन की अनुमति से सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण एवं सुविधा मूल्यांकन करना
- सरकारी कार्यालयों में मानवाधिकार जागरूकता शिविरों का आयोजन करना

संस्था भारतीय मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 एवं यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स (UDHR) 1948 के तहत कार्य करती है। संस्था का उद्देश्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना एवं समाज में समानता और न्याय को बढ़ावा देना है।

संस्था की गतिविधियाँ -

- ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, स्कूल एवं कॉलेजों में मानवाधिकार जागरूकता शिविर आयोजित करना
- लोक अदालतों में भाग लेकर पीड़ितों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराना
- महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना
- बंधुआ मजदूरी रोकने एवं मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने के लिए प्रयास करना
- महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, दहेज प्रथा, जाति भेदभाव, अवैध खनन, भ्रष्टाचार एवं सरकारी पदों के दुरुपयोग के विरुद्ध कार्य करना
- सामाजिक समरसता के लिए कार्य करना एवं स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मानवाधिकार जागरूकता फैलाना

संस्था की कार्य प्रणाली -

- न्यायालयों में जनहित याचिकाएँ दायर करना
- मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग, बाल संरक्षण आयोग एवं लोक अदालतों के माध्यम से न्याय दिलवाना
- प्रशिक्षित अधिवक्ताओं, पत्रकारों, कर्मचारियों एवं मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की सहायता से पीड़ितों को सहयोग देना

एचआरपीसी के प्रत्येक ब्लॉक, जिला, संभाग एवं प्रदेश में प्रशिक्षित मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की टीम कार्यरत है, जो पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर रहती है। संस्था के कई पदाधिकारियों को मानवाधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं जिला स्तरीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

संस्था की उपलब्धियाँ -

- एचआरपीसी ने मानव तस्करी, बाल तस्करी एवं अन्य गंभीर मुद्दों पर कार्य करते हुए अनेक बच्चों एवं नागरिकों को बचाया है। संस्था ने कई हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिकाएँ दायर की हैं और CBI/CID जाँच की माँग की है, जिसके परिणामस्वरूप कई मामलों में न्याय मिला है।
- संस्था के माध्यम से मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग एवं बाल संरक्षण आयोग के सहयोग से हजारों पीड़ितों को न्याय दिलाया गया है।
- एचआरपीसी के साथ प्रसिद्ध पद्मश्री पुरस्कार विजेता, ब्रांड एंबेसडर, प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, पत्रकार, राष्ट्रपति/राज्यपाल पुरस्कार विजेता एवं अन्य प्रतिष्ठित मानवाधिकार कार्यकर्ता जुड़े हुए हैं, जिनके सहयोग से संस्था ने भारत में एक अलग पहचान बनाई है और हजारों पीड़ितों को न्याय दिलाया है।

सदस्यता प्रक्रिया -

- कोई भी शिक्षित भारतीय नागरिक, पत्रकार, अधिवक्ता, शासकीय या सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं विद्वान संस्था से जुड़ सकते हैं और मानवाधिकारों के क्षेत्र में पीड़ितों की सहायता कर सकते हैं। सदस्यता के लिए वेबसाइट www.hrpcindia.org पर आवेदन किया जा सकता है।

आपका एचआरपीसी में हार्दिक स्वागत है!

# HRPC An Introduction

**HRPC is a national organization. It is registered under the Trust Act, 1882 (Govt Of India), NITI Aayog, Government of India NGO Darpan Portal, and Sections 12A/80G of the Income Tax Act. The headquarters of the organization is located in New Delhi and its officials are working at every block, district, division and state level.**

**Functions of the Organization -**

- **Protection and training of human rights activists**
- **Conducting awareness campaigns and promoting human rights**
- **Educating citizens about their rights and ensuring their protection**
- **Providing legal assistance and fighting for citizens' rights**
- **Reporting irregularities in government offices/departments to authorities**
- **Inspecting government offices with due permission to assess facilities**
- **Organizing human rights awareness camps in government offices**

**HRPC operates under the Protection of Human Rights Act, 1993 and the Universal Declaration of Human Rights (UDHR), 1948. The organization aims to uphold and promote human rights awareness and foster justice and equality in society.**

**Activities -**

- **Organizing human rights awareness camps in villages, municipalities, schools, and colleges**
- **Participating in Lok Adalats to provide legal aid to victims**
- **Raising awareness among women and children about their rights**
- **Combating bonded labour and ensuring laborers' receive their due rights**
- **Preventing child marriage, dowry practices, caste discrimination, illegal mining, and corruption**
- **Working towards social harmony and collaborating with local administrations**

**Operational Framework -**

- **Filing Public Interest Litigations (PILs) in courts**
- **Seeking justice through the Human Rights Commission, Women's Commission, Child Protection Commission, and Lok Adalats**
- **Providing legal assistance through trained advocates, journalists, employees, and human rights activists**

**HRPC has a dedicated team of trained human rights activists at the block, district, division, and state levels, ensuring timely assistance for every victim across India. Many of the organization's officials have received national, state, and district-level recognition for their exceptional contributions to human rights protection.**

**Achievements of the Organization -**

- **HRPC has successfully rescued numerous children and individuals from human trafficking and child trafficking. The organization has filed several PILs in High Courts and the Supreme Court, demanded CBI and CID investigations, and ensured that justice was served in various cases.**
- **Through Human Rights Commissions, Women's Commissions, and Child Protection Commissions, HRPC has helped thousands of victims receive justice.**
- **Several Padma Shri awardees, brand ambassadors, administrative officers, retired officials, senior lawyers, journalists, Presidential and Governor awardees, and prominent human rights activists are associated with HRPC. Their contributions have helped the organization gain national recognition and deliver justice to thousands of victims.**

**Membership Process -**

- **Any educated Indian citizen, journalist, advocate, government or retired employee, or scholar can become a member of HRPC and contribute to human rights advocacy by assisting victims. Apply for Membership  Visit www.hrpcindia.org**

**We warmly welcome you to HRPC!**